डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

28 दिसंबर 2025
रविवार

आपकी आवाज




शीतलहर की मार से ग्रामीण जीवन बेहाल 3



# उत्तर भारत में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड का कहर

- पहाड़ों पर बर्फबारी, नए साल तक राहत नहीं
- पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में शीत लहर के चलते जनजीवन प्रभावित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नए साल के आगमन से पहले उत्तर से लेकर पूरब और पूर्वोत्तर भारत तक मौसम का मिजाज सख्त होते जा रहा है। पश्चिमी हिमालय की चोटियों पर बर्फबारी, मैदानों में घना कोहरा, शीत दिवस और कहीं-कहीं शीत लहर से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम के इस मिजाज का असर यातायात के साथ ही स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। मौसम के बदले मिजाज से अभी राहत भी नहीं मिलने वाली। नए साल तक ज्यादातर इलाकों में रात और सुबह के समय घना कोहरा बने रहने और ठंड का असर बढ़ने का अनुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में 1 जनवरी तक रात और सुबह के समय बहुत घना कोहरा छाया रह सकता है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 30 दिसंबर तक, बिहार में 27 दिसंबर तक, जबकि असम और मेघालय में 26 दिसंबर तक कोहरे का असर बना रह सकता है। इसके अलावा, असम, मेघालय, बिहार और ओडिशा के कुछ इलाकों में 30 दिसंबर तक, अरुणाचल प्रदेश में 28 दिसंबर तक और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में 27 दिसंबर तक घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है।

## शीत दिवस और शीत लहर का अलर्ट

आईएमडी ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में 26 और 27 दिसंबर को कुछ स्थानों पर गंभीर शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है। बिहार में 30 दिसंबर तक, उत्तराखंड में 28 दिसंबर तक अत्यधिक ठंडी पड़ने की संभावना है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 27 दिसंबर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 दिसंबर को शीत दिवस की स्थिति बनी रह सकती है। उत्तर राजस्थान में 27 दिसंबर को शीतलहर की चेतावनी दी है। नए साल से पहले उत्तर भारत में ठंड और घने कोहरे ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में शीत लहर के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी राहत न मिलने की चेतावनी दी है।

## राजधानी दिल्ली में मध्यम से घने कोहरे का यलो अलर्ट

दिल्ली-एनसीआर में सर्दी के बावजूद अभी शीत लहर की स्थिति नहीं बनी है। न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है। दिसंबर की शुरूआत के तीन-चार दिनों को छोड़ दें तो अभी तक न्यूनतम तापमान छः डिग्री से नीचे नहीं गया है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार व रविवार को मध्यम स्तर का कोहरा रह सकता है, जबकि कुछ इलाकों में घने कोहरे का अनुमान है। इसके लिए विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं आसमान में आंशिक रुप से बादल छाए रहेंगे।

# आरएसएस और मोदी का कट्टर विरोधी था, हूं और रहूंगा : दिग्विजय मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। कांग्रेस के सीनियर नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह एक बार फिर राजनीतिक रूप से विवादों में घिर गए हैं। इस बार वरिष्ठ नेता ने बीजेपी और आरएसएस की सार्वजनिक तारीफ की है। दिग्विजय मोदी और लालकृष्ण आडवाणी की एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें पार्टी की संगठन की ताकत के बारे में लिखा। दिग्विजय सिंह की इस तारीफ को कांग्रेस में संगठन पर परोक्ष रूप से निशाना माना जा रहा है। वहीं, विवाद बढ़ने के बाद दिग्गी राजा की तरफ से इस बारे में सफाई भी आ गई है। वरिष्ठ बीजेपी नेता एलके आडवाणी और पीएम मोदी की पुरानी फोटो शेयर करते हुए अपने ट्वीट पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैं संगठन का समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं आरएसएस और मोदी जी के खिलाफ हूं। कांग्रेस नेता ने कहा कि आप लोगों ने मेरी बात को गलत समझा। मैंने संगठन की तारीफ की है। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह के हालिया ट्वीट पर बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने साफ तौर पर किनारा कर लिया। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी का अंदरूनी मामला है। इसमें कुछ भी बहुत जरूरी नहीं है। दिग्विजय सिंह ने राहुल गांधी की समझ पर सवाल नहीं उठाया है।

## एक नजर

### कोच्चि एयरपोर्ट पर चार करोड़ रुपये का हाइब्रिड गांजा जब्त

**कोच्चि।** कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 4.3 किलोग्राम ह्यहाइब्रिड गांजाह्न बरामद किया। जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत चार करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी शाहनवाज और अब्दुल नजार कोझिकोड के रहने वाले हैं। वे शुक्रवार देर रात करीब 1:30 बजे थाईलैंड के फुकेट से एक उड़ान के जरिए कोच्चि हवाई अड्डे पहुंचे थे।सूत्रों के अनुसार, गोपनीय जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए सीमा शुल्क अधिकारियों ने उन्हें रोका। सूत्रों ने बताया कि तलाशी के दौरान उनके सामान में कई पैकेट में छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ।उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद दोनों को हिरासत में लिया गया और बाद में औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। सीमा शुल्क अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों के एक संगठित मादक पदार्थ गिरोह के लिए आपूर्तिकर्ता के रूप में काम करने का संदेह है।

### भारतीय फामाकीपिया अब 19 देशों में मान्यता प्राप्त : नड्डा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि देश की औषधि मानक संबंधी आधिकारिक सूची भारतीय फामार्कोपिया अब 19 देशों में मान्यता प्राप्त है, जो भारत की नियामक और वैज्ञानिक क्षमताओं में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय विश्वास को दशार्ता है। नड्डा ने यहां एक बैठक में भारतीय फामार्कोपिया आयोग (आईपीसी) की प्रगति और पहल की समीक्षा करते हुए फामार्कोपिया मानकों और औषधीय सतर्कता संबंधी गतिविधियों को मजबूत करने में आयोग के लगातार प्रयासों की सराहना की। नड्डा ने कहा कि भारतीय फामार्कोपिया अब 19 देशों में मान्यता प्राप्त है, जो भारत की नियामक और वैज्ञानिक क्षमताओं में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय विश्वास को दशार्ता है।

## गुरु गोबिंद सिंह का जीवन मानव सम्मान की रक्षा करने और धर्म के लिए खड़े होने की सीख देता है

# गुरु गोबिंद सिंह ने हमेशा सेवा और निस्वार्थ कर्तव्य की प्रेरणा दी : प्रधानमंत्री मोदी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देशभर में शनिवार को गुरु गोबिंद सिंह के जन्मदिन के अवसर पर प्रकाशोत्सव मनाया जा रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पीएम मोदी ने गुरुजी के साहस, करुणा और बलिदान की याद दिलाई और कहा कि उनका जीवन पीढ़ियों को सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी ने हमेशा सेवा और निस्वार्थ कर्तव्य की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हम उनके सामने श्रद्धा के साथ झुकते हैं। उनका जीवन हमें मानव सम्मान की रक्षा करने और धर्म के लिए खड़े होने की सीख देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर इस साल की अपनी यात्रा के दौरान तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने कहा कि उन्होंने वहां श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और माता साहिब कौर जी के पवित्र जोड़े साहिब का दर्शन किया। पटना साहिब गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्मस्थान है।

## मुर्मू ने गुरु गोबिंद सिंह की जयंती पर दी शुभकामनाएं



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि गुरु जी की एकता, करुणा और सभी के प्रति सम्मान की शिक्षाएं आज भी मानवता को मार्गदर्शन देती रहें। राष्ट्रपति ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह, जो सिख धर्म के दसवें गुरु थे, संकट और कठिनाइयों में भी अपने आदर्शों के लिए समर्पण और साहस का प्रतीक हैं। उन्होंने अपने अनुयायियों को न्याय और आत्म-सम्मान की रक्षा के लिए प्रेरित किया और उन्हें एकजुट किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में राष्ट्रपति ने लिखा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने अदम्य साहस और दूरदर्शिता के साथ लोगों को सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने अनुयायियों को एक ऐसी शक्ति बनाया, जो बड़े से बड़े विरोधियों का सामना कर सके और न्याय व सम्मान के आदर्शों की रक्षा कर सके।

## गुरुद्वारों को रोशनी से सजाया जाता है

बता दें कि देशभर में प्रकाशोत्सव पर्व गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। गुरुद्वारों को प्रकाश (रोशनी) से सजाया जाता है। इसके अलावा आनंद पाठ और प्रभात फेरी का आयोजन भी किया जाता है, जो मुख्य उत्सव से कुछ दिन पहले शुरू हो जाती हैं। इसके पहले, 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया गया, जिसमें गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे पुत्र साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के बलिदान को याद किया गया। इनकी उम्र केवल नौ और छह वर्ष थी, लेकिन उन्होंने सिख धर्म की गरिमा और सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

# बम निरोधक दस्ते को मिलेगा मजबूत कवच, नया भारतीय मानक जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी और आंतरिक सुरक्षा से जुड़े इंतजामों को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के मौके पर बम निष्क्रिय करने वाले उपकरणों के लिए नया भारतीय मानक जारी किया गया है। इसकी मदद से रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, बाजार, धार्मिक स्थल एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में मौजूद आम लोगों की सुरक्षा को अधिक मजबूत किया जा सकेगा। मौजूदा दौर में बम एवं आईईडी का खतरा सिर्फ सीमावर्ती क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहा। सार्वजनिक जगहों पर संदिग्ध वस्तु मिलने की घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसे हालात में बम निरोधक दस्ता सबसे पहले मौके पर पहुंचता है और जिन उपकरणों का इस्तेमाल करता है, उन्हीं पर तय होता है कि खतरा टलेगा या नुकसान बढ़ेगा। उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा कि अभी तक इन उपकरणों के लिए देश में कोई एक समान स्पष्ट मानक नहीं था। अलग-अलग एजेंसियां अलग गुणवत्ता वाले उपकरण इस्तेमाल करती थीं, जिनकी क्षमता हर बार एक जैसी नहीं होती थी। नया भारतीय मानक इसी कमी को दूर करता है। यह तय करता है कि बम निष्क्रिय करने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण कैसे होने चाहिए और उनकी जांच किस तरह होगी। बम को ढकने वाली चादर यानी ब्लैंकेट अब सिर्फ मोटी चादर नहीं होगी, बल्कि ऐसी खास सामग्री से बनी होगी जो विस्फोट की ताकत को रोक सके, छर्रों को बाहर उड़ने से बचाए और विस्फोट के असर को आसपास फैलने से पहले कमजोर कर दे। इसी तरह बम बास्केट के लिए भी नियम तय किए गए हैं। देखा जाएगा कि विस्फोट के झटके में बास्केट न टूटे।

# देशव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान शुरू करेगी कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ देशभर में अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पांच जनवरी से पूरे देश में 'मनरेगा बचाओ अभियान' शुरू करेगी। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी खरगे की तरह ही अपील की है। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद खरगे ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर जनता के बीच जाएगी और सरकार के फैसले का विरोध करेगी। खरगे ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं है, बल्कि यह संविधान की ओर से दिया गया काम करने का अधिकार है। इसे कमजोर या खत्म करना गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा को खत्म करने के फैसले से लोग नाराज हैं और सरकार को इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे। खरगे के अनुसार, कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी। खरगे ने कहा कि मनरेगा को खत्म किए जाने के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने तीन कृषि कानूनों का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह कड़े विरोध के बाद सरकार को वे कानून वापस लेने पड़े थे, उसी तरह मनरेगा के मामले में भी जनता की आवाज उठेगी।







# असम के तस्करों ने डुमरांव अनुमंडल में बिछाया जाल, लगातार हो रही बरामदगी ने खोली पोल

- डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में मजबूत है मादक पदार्थों के तस्करों का नेटवर्क
- कई थाना क्षेत्रों से लगातार बरामद होता है मादक पदार्थ, पिछले दिनों डुमरांव पुलिस ने पकड़ी थी 2.5 करोड़ रूपए मूल्य की हेरोइन

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर पुलिस द्वारा दो करोड़ रुपये मूल्य की ब्राउन सुगर के साथ अंतर्राज्जीय गिरोह के दो तस्करों की गिरफ्तारी के बाद डुमरांव अनुमंडल में मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर कई अहम तथ्य सामने आए हैं। पुलिस की ताजा कार्रवाई ने यह साफ कर दिया है कि असम से जुड़े तस्करों ने डुमरांव अनुमंडल को अपना सुरक्षित ठिकाना बना लिया है और लंबे समय से यहां नशे का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

नया भोजपुर थाना क्षेत्र से असम निवासी प्रेमा पंडित की गिरफ्तारी और उसके पास से भारी मात्रा में ब्राउन सुगर की बरामदगी इस बात का मजबूत प्रमाण है कि अंतर्राज्जीय तस्कर सुनियोजित तरीके से बिहार के ग्रामीण इलाकों को नशे की सप्लाई का केंद्र बना रहे हैं। पूछताछ में यह भी स्पष्ट हुआ है कि असम से लाई गई खेप को स्थानीय नेटवर्क के जरिए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में खपाया जाता था। डुमरांव अनुमंडल के कई थाना क्षेत्र पहले से ही मादक पदार्थों की तस्करी के हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित रहे हैं। हाल के दिनों में डुमरांव पुलिस ने थाना क्षेत्र के एकोनी गांव से कुख्यात हीरोइन तस्कर नारायण उपाध्याय को गिरफ्तार कर उसके घर से करीब ढाई करोड़ रुपये मूल्य की हीरोइन बरामद की थी। यह कार्रवाई उस बड़े नेटवर्क की ओर इशारा करती है, जो लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय है। इसके अलावा कोरान सराय थाना, ब्रह्मपुर थाना और कृष्णा ब्रह्म थाना क्षेत्र से भी समय-समय पर हीरोइन और अन्य मादक पदार्थों की खेप बरामद होती रही है। लगातार हो रही इन बरामदगियों के बावजूद तस्करी का सिलसिला पूरी तरह थम नहीं पाया है, जिससे यह आशंका गहराती जा रही है कि तस्करों के तार क्षेत्र के भीतर गहराई तक फैले हुए हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो असम के कई तस्कर डुमरांव अनुमंडल के सीमावर्ती और ग्रामीण इलाकों को ट्रांजिट प्वाइंट के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां से मादक पदार्थों की खेप को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर स्थानीय एजेंटों के जरिए आगे भेजा जाता है। नया भोजपुर पुलिस द्वारा असम निवासी प्रेमा पंडित की गिरफ्तारी ने इसी नेटवर्क की एक कड़ी को उजागर किया है। एसपी शुभम आर्य पहले ही यह संकेत दे चुके हैं कि गिरफ्तार तस्करों के आपराधिक इतिहास की गहन जांच की जा रही है और असम पुलिस से समन्वय स्थापित कर उनके पुराने रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। साथ ही बरामद मोबाइल फोन के कॉल डिटेल्स और डिजिटल डेटा के आधार पर पूरे गिरोह तक पहुंचने की कोशिश तेज कर दी गई है। लगातार हो रही पुलिस कार्रवाई से यह उम्मीद जरूर जगी है कि आने वाले दिनों में डुमरांव अनुमंडल में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करी के इस नेटवर्क पर बड़ा प्रहार होगा। हालांकि, जिस तरह से अलग-अलग थाना क्षेत्रों से बार-बार नशीले पदार्थों की बरामदगी हो रही है, उससे यह भी साफ है कि यह लड़ाई लंबी और चुनौतीपूर्ण है। पुलिस के लिए अब सबसे बड़ी चुनौती इस अवैध कारोबार की जड़ों तक पहुंचकर पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना है, ताकि क्षेत्र को नशे के जाल से मुक्त कराया जा सके।

## धरहरा-ढकाईच के बीच आधी रात को भीषण टक्कर, केबिन में फंसा चालक गंभीर रूप से घायल, फरार ट्रेलर चालक की तलाश

# कोहरे में पटना-बक्सर फोरलेन बना हादसों का हॉटस्पॉट डीसीएम-ट्रेलर भिड़ंत, जिंदगी और मौत से जूझ रहा चालक

- पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार बढ़ते सड़क हादसे बन रहे चिंता का विषय

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा के दावों की पोल एक बार फिर खुल गई, जब घने कोहरे के बीच शुक्रवार की मध्यरात्रि करीब एक बजे धरहरा और ढकाईच गांव के बीच एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। फोरलेन पर बेहद कम दृश्यता के कारण एक डीसीएम ट्रक आगे चल रहे बालू लदे ट्रेलर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम का केबिन पूरी तरह चकनाचूर हो गया और चालक उसमें फंसकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। कोहरे की मोटी चादर और क्षतिग्रस्त वाहन के कारण यातायात प्रभावित हो गया। सूचना मिलते ही पीएनसी की टीम और कृष्णाब्रह्म थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला गया और तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। घायल चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के कानपुर निवासी अमित कुमार के रूप में की गई है। बताया गया कि वह डीसीएम वाहन से खाली कार्टून का बंडल लेकर पटना के शक्ति धर्म कांटा, बाईपास रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर से वाराणसी के नकेन (राजातालाब) जा रहा था। वाहन पर वैष्णो इंजीनियरिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी का सामान लदा हुआ था। जैसे ही डीसीएम धरहरा और ढकाईच गांव के बीच पहुंचा, आगे चल रहे बालू लदे ट्रेलर से उसकी सीधी टक्कर हो गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर बिना किसी रिफ्लेक्टर या पर्याप्त लाइट के सड़क पर चल रहा था, जिससे घने कोहरे में डीसीएम चालक को आगे खड़े या धीमी गति से चल रहे वाहन का अंदाजा नहीं लग सका। टक्कर के तुरंत बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिससे हादसे को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

पीएनसी की टीम ने क्षतिग्रस्त डीसीएम को सड़क से हटवाकर यातायात को बहाल कराया। वहीं कृष्णाब्रह्म थाना पुलिस ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष संदीप कुमार राम ने बताया कि फरार ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है और दुर्घटना के कारणों की गहराई से जांच की जा रही है।

गौरतलब है कि पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग इन दिनों लगातार सड़क हादसों के कारण चर्चा में है। घना कोहरा, तेज रफ्तार, भारी वाहनों की आवाजाही, रिफ्लेक्टर और संकेतक की कमी तथा ट्रैफिक नियमों की अनदेखी इस फोरलेन को दुर्घटनाओं का हॉटस्पॉट बना रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन यहां छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। सवाल यह है कि आखिर कब तक यह राष्ट्रीय राजमार्ग लोगों की जान लेता रहेगा, जरूरत है कि प्रशासन और संबंधित एजेंसियां कोहरे के मौसम में विशेष सुरक्षा इंतजाम करें, भारी वाहनों पर सख्ती बरतें और सड़क सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, ताकि ऐसी दर्दनाक घटनाओं पर लगाम लग सके।

## कामरेड सूरज प्रसाद की मनाया गया 16वां पुण्यतिथि



**केटी न्यूज/केसठ**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व सांसद कामरेड सूरज प्रसाद की 16वी पुण्यतिथि पर शनिवार को स्मृति सभा उनके पैतृक गांव शिवपुर पूर्वी में की गई। कार्यक्रम शुरूआत आए अतिथियों द्वारा पार्टी के झंडे का झंडतोलन कर किया गया। जिसके बाद सूरज प्रसाद की आदमकद मूर्ति पर माल्यर्पण कर दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की अध्यक्षता पूर्व जिला सचिव कामरेड ज्योतिश्वर सिंह उर्फ बालक दस व संचालन भाकपा जिला मंत्री जितेन्द्र सिंह ने की। सभा को संबोधित करते हुए बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक संस्थान खतरे में है। इस सरकार में अभिव्यक्ति की आजादी खाते है। किसानो , मजदूरों एवं नौजवानों के आवाज को दबाया जा रहा है। ब्रह्मपुर विधायक शंभू नाथ यादव ने कहा कि गरीबों और अमीरों के बीच खाई बढ़ती जा रही है। पूर्व विधायक अजीत कुशवाहा ने कहा कि सूरज बाबू किसान आंदोलन के अगुआ रहे नहर रेट की लड़ाई लड़ी गरीबो को भूमि दिलाने का काम किये शोषित वंचितो की लड़ाई लड़ी उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद नागेन्द्र नाथ ओझा, पूर्व तेजनारायण सिंह, शिक्षक अशोक प्रसाद, नागेन्द्र सिंह, प्रो. अखिलेश सिंह, पूर्व प्रमुख रघुनाथ सिंह, कमेंद्र सिंह, केदार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डुमरांव में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का भाजपा नेता मुखिया सिंह के नेतृत्व में जोरदार स्वागत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के डुमरांव आगमन पर स्थानीय राजनीति और पंचायत प्रतिनिधियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मंत्री के स्वागत के साथ ही कार्यक्रम का केंद्र बिंदु राज्य में पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की सरकार की नीति रही। भारतीय जनता पार्टी के नगर उपाध्यक्ष मुखिया सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एनडीए जिंदाबाद के नारे लगाकर सरकार के प्रति समर्थन जताया। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता पंचायतों को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि जब पंचायतें मजबूत होंगी, तभी गांव आत्मनिर्भर बनेंगे और राज्य का समग्र विकास संभव होगा। मंत्री ने



कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। पंचायत स्तर पर पारदर्शिता, तकनीक के उपयोग और जनसहभागिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। मंत्री ने यह भी कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार और संसाधन देकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया है। गांवों में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाएं, ताकि पात्र लोगों को समय पर लाभ मिल सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नगर उपाध्यक्ष मुखिया सिंह कुशवाहा ने कहा कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में पंचायत व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले जहां पंचायतों को सीमित भूमिका में देखा जाता था, वहीं आज वे विकास की धुरी बन चुकी हैं। गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है और आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

## एक नजर

### पूर्व मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा की पत्नी के अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब, बक्सर समेत कई जिलों से पहुंचे लोग

**बक्सर।** जदयू के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव श्रीभगवान सिंह कुशवाहा की पत्नी स्व. उषा सिंह के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को पटना स्थित दीघा गंगा घाट पर उनके अंतिम संस्कार में बक्सर जिला सहित आसपास के कई जिलों से सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार के दौरान घाट पर शोकाकुल माहौल रहा और हर आंख नम दिखी। स्व. उषा सिंह के पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई देने के लिए राजनीतिक, सामाजिक और आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जदयू नेता रवि उज्जवल कुशवाहा ने भी दीघा गंगा घाट पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि श्रीभगवान सिंह कुशवाहा समाज की एक अमूल्य धरोहर हैं और इस दुख की घड़ी में पूरा समाज उनके साथ मजबूती से खड़ा है। अंतिम संस्कार में शामिल लोगों ने स्व. उषा सिंह के सरल स्वभाव, सामाजिक सरोकार और परिवार के प्रति समर्पण को याद किया। श्रद्धालुओं ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बक्सर जिला से आए लोगों की संख्या काफी अधिक रही, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि श्रीभगवान सिंह कुशवाहा का सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव व्यापक है। घाट पर मौजूद लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और शांति का वातावरण बना रहा। अंतिम संस्कार के पश्चात लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### केसठ गोलीकांड में नया मोड़, जख्मी युवक के बयान पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर

**केसठ।** केसठ बाजार में सरेशाम युवक को गोली मारे जाने की घटना ने अब नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में जख्मी युवक के बयान के आधार पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और वैज्ञानिक तरीके से जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, घायल युवक के बयान और परिजनों की चुप्पी के कारण यह मामला संदेह के दायरे में आता जा रहा है, जिससे पुलिस के सामने कई सवाल खड़े हो गए हैं। उबताते चलें कि शुक्रवार की शाम केसठ नया बाजार में उस समय हड़कंप मच गया था जब रामपुर पंचायत के दसियांव गांव निवासी प्रिंस दुबे उर्फ मंगल दुबे (24 वर्ष), पिता भृगुनाथ दुबे को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी। युवक छाती में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए आरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक डॉ. विकास सिंह के अनुसार युवक फिलहाल खतरे से बाहर है। घटना के बाद डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू की। अब पुलिस ने घायल युवक के बयान पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। लेकिन जांच के दौरान कई चौंकाने वाली बातें सामने आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार, युवक ने पुलिस को जिस स्थान पर गोली मारे जाने की बात बताई है, वह केसठ बाजार का ऐसा इलाका है जहां शाम के समय हमेशा काफी भीड़ रहती है। इसके बावजूद अब तक कोई भी ऐसा प्रत्यक्षदर्शी सामने नहीं आया है जिसने गोली चलते या हमलावरों को भागते हुए देखा हो। न ही किसी ने यह स्पष्ट रूप से बताया कि गोली किसने और कैसे मारी। खुद जख्मी युवक भी हमलावरों की पहचान या उनके भागने के तरीके के बारे में पुलिस को ठोस जानकारी नहीं दे पा रहा है। युवक के परिजनों की ओर से भी इस मामले में कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है। उनकी चुप्पी से स्थानीय लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। बाजार और आसपास के गांवों में लोग इस घटना और युवक की पृष्ठभूमि को लेकर अलग-अलग कयास लगा रहे हैं, जिससे मामला और रहस्यमय बनता जा रहा है। डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस हर बिंदु पर गहराई से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर मामले का उद्भेदन किया जाएगा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ युवक के मोबाइल कॉल डिटेल्स और अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। फिलहाल केसठ और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस इस गोलीकांड की परतें खोलने में जुटी हुई है।

# रेलयात्रियों की समस्याओं को लेकर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह से मिला प्रतिनिधिमंडल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रेलयात्री कल्याण समिति का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह से उनके पैतृक गांव धरौली में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं रेलकर्मियों से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया और आग्रह किया कि वे अपने माध्यम से इन मांगों को रेल मंत्रालय तक पहुंचाने में सहयोग करें।

प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले दानापुर रेल मंडल में रेलकर्मियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं की दयनीय स्थिति की ओर ध्यान आकृष्ट



कराया। बताया गया कि पटना से पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू) के बीच रेलकर्मियों के लिए एकमात्र बक्सर रेल अस्पताल है, जो अत्यंत जर्जर अवस्था में है। अस्पताल में न तो पर्याप्त संख्या में चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्यकर्मी। जांच की मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। एक्स-रे, सिटी स्कैन जैसी आधुनिक जांच व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। भवन की छत बरसात में टपकती है, जिससे मरीजों और कर्मियों को भारी परेशानी होती है। इस स्थिति को देखते हुए प्रतिनिधिमंडल ने अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नए रेल अस्पताल के निर्माण की मांग रखी।

इसके अलावा बक्सर स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने के कार्य में तेजी लाने तथा स्टेशन परिसर में महर्षि विश्वामित्र की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की भी मांग की गई। डुमरांव स्टेशन पर पटनाद्दकोटा एक्सप्रेस के नियमित ठहराव, टुड़ीगंज स्टेशन पर टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस एवं पटना-बक्सर फास्ट पैसेंजर के ठहराव, तथा रघुनाथपुर स्टेशन पर श्रमजीवी एक्सप्रेस और काशीद्दपटना जनशताब्दी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। प्रतिनिधिमंडल में ओमप्रकाश सिंह, दीनेश्वर सिंह, सोनू उपाध्याय, कमलेश सिंह, उमेश कुमार सिंह, अभिजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल थे। मंत्री ने मांगों को गंभीरता से सुनते हुए यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

Mob: 9122226720
कुमार आर्थोपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, छेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरुवार

# मानव देह को देवता भी मानते हैं सौभाग्यशाली : उमेश भाई ओझा

- **श्रीमद्भागवत कथा में उमेश भाई ओझा ने बताया, विरक्ति, प्रेम और भक्ति से ही प्रकट होते हैं भगवान, भागवत अमृत की वर्षा में डूबा बक्सर**



**केटी न्यूज/बक्सर**

पूज्य संत ब्रह्मलीन श्रीरामचरितदास जी की पावन स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का वातावरण मंगलवार को पूर्णतः भक्तिमय हो गया। कथा स्थल पर भक्ति, वैराग्य और प्रेम का ऐसा समन्वय देखने को मिला कि हजारों श्रोता भावविभोर होकर भगवान की लीलाओं में डूबते चले गए। उमेश भाई ओझा के श्रीमुख से प्रवाहित भागवत अमृत ने श्रोताओं को यह अनुभूति करा दी कि मानव शरीर पाना कितना दुर्लभ और सौभाग्यशाली है, इतना कि स्वर्ग के देवता भी भारतवर्ष में जन्म लेने की कामना करते हैं। कथा प्रसंग में उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि ईश्वर से साक्षात्कार का मार्ग है। भागवत कथा वही कह सकता है जो विरक्त, वैष्णव, निस्पृह और निर्लोभी हो। जब कथा का अमृत बहता है, तब देवता, गंधर्व, ऋषि, मुनि और नाग भी उस दिव्य वातावरण में वास करना चाहते हैं। संतों के लक्षण बताते हुए रामचरितमानस की पंक्तियों का सुंदर भावार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसमें सत्य, प्रिय वचन और प्रभु शरणागति को जीवन का आधार बताया गया। गंगा अवतरण की कथा सुनाते हुए बताया गया कि मां गंगा संसार के पापों को धोती हैं, लेकिन उनके पापों का भार संत, ऋषि और वैरागी अपने तप से हर लेते हैं। गंगा महात्म्य के श्लोकों और विद्यापति की भावपूर्ण पंक्तियों ने श्रोताओं को आस्था की गहराइयों में ले जाकर खड़ा कर दिया। हर हर गंगे के उद्घोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा।

भगवान के अवतार रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कथा में बताया गया कि त्रेता युग में प्रभु श्रीराम सूर्यवंश में और द्वापर युग में वही परमात्मा श्रीकृष्ण रूप में यदुवंश में अवतरित हुए। मथुरा की कारागार से जन्म लेकर गोकुल में नंद बाबा और यशोदा मैया के घर पालन-पोषण की लीला ने यह सिद्ध कर दिया कि भगवान ऐश्वर्य नहीं, प्रेम के भूखे हैं। ह्लप्रगटे हैं कुंवर कन्हाई, सखि बजत बधाईह्व जैसे पदों के गायन से पूरा पंडाल आनंद और उल्लास से भर उठा। बाललीलाओं का वर्णन करते हुए पूतना उद्धार, माखन चोरी और उखल बंधन की लीला का रहस्यात्मक अर्थ समझाया गया। वक्ता ने कहा कि माखन चोरी वास्तव में गोप-ग्वालों के हृदय चुराने की लीला थी। जब प्रभु प्रेम की डोरी में बंधते हैं, तब उनका ऐश्वर्य स्वयं छिप जाता है, यही भक्ति की पराकाष्ठा है। संध्या भजन कार्यक्रम में गुड्डू पाठक, विकास तिवारी, कमलेश कुंवर और उमेश जायसवाल की प्रस्तुतियों ने कथा को संगीतमय ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम में गोपाल चतुर्वेदी, सीताराम चतुर्वेदी, जयशंकर तिवारी, श्यामजी, बिहारी जी, रवि और मनोज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भागवत कथा का यह दिव्य प्रसंग श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति की अमिट छाप छोड़ गया।

## ठंड ने थाम दी रफ्तार, मवेशी और पशुपालक दोनों संकट में

# शीतलहर की मार से ग्रामीण जीवन बेहाल





**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल क्षेत्र में जारी कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने ग्रामीण जनजीवन की रफ्तार लगभग थाम दी है। कई दिनों से सूर्य के दर्शन नहीं होने के कारण आम लोग, पशुपालक, व्यापारी और राहगीर सभी परेशान हैं। शीतलहर का सबसे गहरा असर दुधारू मवेशियों पर देखने को मिल रहा है, जिससे पशुपालकों की आजीविका पर सीधा संकट खड़ा हो गया है। ठंड बढ़ने के साथ ही गाय-भैंस के दूध उत्पादन में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। पशुपालकों के अनुसार, ठंड के कारण मवेशी कम चारा खा रहे हैं और पानी भी कम पी रहे हैं, जिससे उनकी सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसका सीधा असर दूध की मात्रा पर पड़ रहा है। पहले जहां गाय प्रतिदिन करीब दस लीटर दूध देती थीं, वहीं अब उत्पादन में एक से डेढ़ लीटर तक की कमी आ गई है। भैंसों के दूध उत्पादन में भी दो लीटर तक की गिरावट देखी जा रही है। दूध की आपूर्ति घटने से बाजार में कीमतों पर भी असर पड़ रहा है और पशुपालकों की आमदनी कम हो गई है। शीतलहर का असर केवल पशुपालन तक सीमित नहीं है। बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है, जिससे छोटे दुकानदारों और ठेले-खोमचे वालों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आ रहे हैं। दिन में भी वाहनों को लाइट जलाकर चलाना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

ठंड का सबसे अधिक असर बुजुर्गों और बच्चों पर पड़ रहा है। सर्दी-खांसी, बुखार और सांस संबंधी शिकायतों को लेकर सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। ग्रामीण इलाकों में लोग अलाव और अंगीठी का सहारा लेने को मजबूर हैं।

### पक्षियों पर भी संकट

तापमान में लगातार गिरावट से पेड़ों पर घोंसला बनाकर रहने वाले पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं। खासकर कबूतर, तोते और अन्य पक्षियों के छोटे बच्चे ठंड सहन नहीं कर पा रहे हैं। उनके पंख पूरी तरह विकसित न होने के कारण वे ठंड से खुद को बचा नहीं पाते और कई बार जमीन पर गिर जाते हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

डुमरांव के पशु चिकित्सक डॉ. अमितेश कुमार ने बताया कि ठंड के मौसम में दुधारू मवेशियों को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। उन्हें संतुलित और पौष्टिक आहार देना चाहिए तथा गुनगुना पानी पिलाना चाहिए। गौशाला और खटालों को टाट या बोरे से ढंककर ठंडी हवा से बचाना जरूरी है। अत्यधिक ठंड में अंगीठी का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन रात में उसे बुझा देना चाहिए ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो। कुल मिलाकर शीतलहर ने ग्रामीण जीवन की चुनौतियां बढ़ा दी हैं और आने वाले दिनों में ठंड के और बढ़ने की आशंका ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।

## एक नजर

### डुमरांव थाने में एसपी का जनता दरबार आज, तैयारी पूरी

#### थाना क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुन समाधान करेंगे एसपी, एसपी के जनता दरबार को ले लोगों में बढ़ा उत्साह



**डुमरांव।** एसपी शुभम आर्य रविवार को डुमरांव थाने में जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। पुलिस-पब्लि मैत्री को बढ़ावा देने तथा पीड़ित लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए इस जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। जनता दरबार में थाना क्षेत्र के पीड़ित व त्वरित न्याय के इच्छुक लोगों के अलावे पंचायत प्रतिनिधि व नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड पार्षद भी इस जनता दरबार में मौजूद रहेंगे। डुमरांव थाना द्वारा पुलिस कप्तान के जनता दरबार को ले तैयारियां पूरी कर ली गई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जनता दरबार की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार दोपहर में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस जनता दरबार में शामिल हो, एसपी से अपनी फरियाद लगा सके। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादियों के आने की उम्मीद है। गौरतलब हो कि एसपी के निर्देश पर सभी थानों द्वारा भी अपने-अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस कप्तान के इस पहल की लोग काफी सराहना कर रहे है।

### दस साल की उपेक्षा के खिलाफ न्यायालयों में खामोश प्रतिरोध

#### 16-17 जनवरी को बिहार भर में सिविल कोर्ट कर्मचारी करेंगे मौन विरोध

**बक्सर।** बिहार के न्यायालयों में जल्द ही एक अनोखा और असरदार विरोध देखने को मिलेगा। वर्षों से लंबित मांगों से क्षुब्ध बिहार राज्य सिविल कोर्ट कर्मचारी संघ ने 16 और 17 जनवरी को राज्यव्यापी मौन विरोध का ऐलान किया है। खास बात यह है कि इस दौरान कर्मचारी न्यायिक कार्य करते रहेंगे, लेकिन प्रतीकात्मक तरीके से अपनी पीड़ा और आक्रोश दर्ज कराएंगे। संघ के इस फैसले को प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ ह्लखामोश चेतावनीह्व के रूप में देखा जा रहा है। पटना में आयोजित संघ की राज्यस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया, जिसमें सेवा शर्तों से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं पर गहन मंथन हुआ। कर्मचारियों का कहना है कि वेतनमान संशोधन, पदोन्नति और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जैसे अहम मुद्दे करीब एक दशक से फाइलों में दबे हैं। संघ अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि न्यायपालिका के सुचारु संचालन में अहम भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों की उपेक्षा अब असहनीय हो चुकी है। उन्होंने बताया कि संशोधित वेतनमान, समयबद्ध पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति और चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की पदोन्नति जैसी मांगें वर्षों से लंबित हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन ही मिले हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 16 जनवरी 2025 को अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारियों की राज्यव्यापी हड़ताल के बाद पटना उच्च न्यायालय के चार न्यायाधीशों ने एक माह के भीतर समाधान का भरोसा दिलाया था, लेकिन एक साल बीतने के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं हुई।

# पवनी खेल मैदान में मूलभूत सुविधाओं की कमी, मंत्री को सौंपा मांग पत्र



**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रखंड के पवनी पंचायत की खेल मैदान में आसपास के लगभग 20 गांवों से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लड़के, लड़कियां, महिलाएं एवं प्लस टू उच्च विद्यालय पवनी के छात्र-छात्राएं खेलने, कूदने, व्यायाम एवं शारीरिक दक्षता के लिए आते हैं। इसके बावजूद पवनी खेल मैदान आज भी कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में दर्शकों के बैठने के लिए स्टैंड और मंच का निर्माण तो किया गया है, लेकिन अब तक चापाकल, शौचालय एवं हाई-मास्ट लाइट या फ्लड लाइट की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इससे खिलाड़ियों और आगंतुकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रामजीत गोंड एवं पंकज सिंह कुशवाहा ने पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश को एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने पवनी खेल मैदान में महिला एवं पुरुषों के लिए शौचालय, हाई-मास्ट लाइट या फ्लड लाइट तथा चापाकल की व्यवस्था कराने की मांग की। उन्होंने बताया खेल मैदान में इन बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता से बच्चों और युवाओं के शारीरिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और पवनी पंचायत को एक आदर्श व सशक्त पंचायत के रूप में विकसित किया जा सके।

# चौसा में 28 से 31 दिसंबर तक शेरशाह सूरी फुटबॉल प्रतियोगिता, तैयारियां जोरों पर



**केटी न्यूज/बक्सर**

चौसा नगर पंचायत अंतर्गत आदर्श उच्च विद्यालय के खेल मैदान पर रविवार 28 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाली शेरशाह सूरी फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसकी तैयारियां जोरों पर है। इसके सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतियोगिता से जुड़ी तैयारियों की गहन समीक्षा की गई तथा खिलाड़ियों, दर्शकों एवं आयोजन व्यवस्था से संबंधित विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार यादव ने बताया कि शेरशाह सूरी फुटबॉल प्रतियोगिता क्षेत्रीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच प्रदान करेगी। यह प्रतियोगिता युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी और उनमें अनुशासन, खेल भावना, टीम वर्क एवं आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करेगी। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह जीवन निर्माण की पाठशाला है। उन्होंने बताया कि रविवार को यूपी के गाजीपुर व बलिया इलेवन के बीच, जबकि सोमवार को आरा व बक्सर इलेवन के बीच खेला जाएगा। 30 दिसम्बर को दोनो विजेताओं के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा। वही, 31 दिसम्बर को महिला फुटबाल का फाइनल झारखंड व यूपी इलेवन के बीच खेला जाएगा।

इस अवसर पर प्रोफेसर रमेश चंद्र श्रीवास्तव, अधिवक्ता रामलखन पाल, सुनील कुमार सिंह, रामेश्वर चौहान, भरत पाण्डेय, लालजी राम, विनोद कुमार यादव, तेजनारायण यादव, श्रीभगवान राम, नितेश कुमार उपाध्याय आदि कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सेनापति विहीन है विपक्ष मैदान छोड़ भाग गये है तेजस्वी: दीपक प्रकाश

- **एक दिवसीय प्रवास पर बक्सर पहुंचे थे बिहार के पंचायती राज मंत्री**




**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने बक्सर दौरे के दौरान विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष के सेनापति मैदान छोड़कर गायब हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास न तो कोई ठोस मुद्दा है और न ही जनता के बीच जाने का साहस। विपक्ष केवल बयानबाजी कर रहा है, जबकि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार जमीन पर काम कर रही है।

मंत्री दीपक प्रकाश अपने एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत बक्सर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बक्सर परिसदन में पंचायती राज विभाग के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पंचायतों के कामकाज, विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति, वित्तीय प्रबंधन और जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई। पत्रकारों से बातचीत के दौरान जब उनसे पार्टी की आंतरिक कलह और टूट-फूट को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी से जुड़े मसलों पर पार्टी नेतृत्व ही स्थिति स्पष्ट करेगा। समीक्षा बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं की वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मंत्री ने बताया कि पूरे बिहार में जिला परिषद की रिक्त जमीनों को विकसित कर रोजगार सृजन की योजना पर काम किया जा रहा है। बक्सर जिला परिषद के पास कुल 129.64 एकड़ रिक्त जमीन है, जिसे विकसित कर दुकान, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, मॉल और आवासीय परिसर निर्माण के लिए लीज पर देने की योजना पर विचार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले की 136 पंचायतों में से 119 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन योजना का क्रियान्वयन हो रहा है। इनमें 28 भवन पूर्ण हो चुके हैं, 81 भवन निमार्णाधीन हैं तथा 10 भवनों के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। शेष 17 पंचायतों में जनवरी माह तक भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। समय पर और गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। मंत्री ने सोलर लाइट अधिष्ठापन, छठी एवं पंद्रहवीं वित्त की योजनाओं, कन्या विवाह मंडप निर्माण, ग्राम कचहरी प्रशिक्षण, उपयोगिता प्रमाण पत्र और ऑडिट से जुड़ी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पंचायतों को मजबूत, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# असमाजिक तत्वों ने खलिहान में लगाई आग, चार बीघे की फसल राख

- **धनसोई थाना क्षेत्र अंतर्गत देवकुली धर्मपुरा बधार की है घटना, पीड़ित किसान ने लगाई पुलिस व अंचल प्रशासन से गुहार**



**केटी न्यूज/राजपुर**

धनसोई थाना क्षेत्र के बधार स्थित एक खलिहान में असमाजिक तत्वों ने आग लगा दी, जिससे खलिहान में रखा करीब चार बीघे खेत का 800 बोझ धान की फसल जल गई है। जिससे पीड़ित किसान को करीब 1.80 लाख रूपए का नुकसान हुआ है।

इस मामले में देवकुली धर्मपुरा निवासी पीड़ित किसान राजेश ओझा पिता रघुनाथ ओझा ने पुलिस व अंचल प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि 25 दिसंबर की रात करीब 10 बजे किसी ने उनके खलिहान में आग लगा दी, जिससे खलिहान में रखा करीब 800 बोझ धान पूरी तरह से जल गया।

इसकी जानकारी मिलते ही रात में हमलोग खलिहान पर पहुंच आग पर काबू पाने का प्रयास किए, लेकिन तबतक आग भयंकर रूप ले चुकी थी तथा देखते ही देखते सभी बोझे जल गए। घटना के बाद से पीड़ित किसान काफी आहत है। असमाजिक तत्वों की करतूत से उनके पूरे साल की मेहनत खाक हो गई है।

# भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत

**केटी न्यूज/रोहतास**

**नासरीगंज।** थाना क्षेत्र के लाला अतिमि गांव में भूमि विवाद को ले दो पक्षों में उतपन्न विवाद में शनिवार को ताबड़तोड़ हुई गोलीबारी में एक निर्दोष मजदूर की गोली लगने से मौत हो गई। मृतक उक्त गांव निवासी 35 वर्षीय अरविंद कुमार है। मृतक दो पक्षों के बीच उतपन्न विवाद में बीच बचाव कर रहा था कि उसी क्रम में चली गोली में उसे गोली पेट में जा लगी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में ग्रामीणों ने आनन फानन में उसे रेफरल अस्पताल इलाज के लिए ले कर गये जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रेफरल अस्पताल से मृतक के शव को कब्जे में ले कर सदर अस्पताल सासारम भेज दिया है। मृतक किसान मजदूर था और अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। वह अपने पत्नी समेत छोटे छोटे एक पुत्र और दो पुत्रियां समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। मृतक कि पत्नी का नाम सीमा देवी अपने तीनों बच्चों के साथ रेफरल अस्पताल पहुंचकर दहाड़ मार मार कर रोरो कर मूर्छित हो रही थी। अस्पताल में ही पहुंचे परिजन व सगे सम्बन्धी पत्नी एवं बच्चों को दिलासा दे रहे थे। घटना के सम्बंध में परिजन प्रत्यक्षदर्शियों व ग्रामीणों ने बताया कि उक्त भूमि गांव के ही मदन लाल की लगभग पांच से सात बीघा भूमि है। जिसे कई लोगों से उनके द्वारा विक्रय किया गया है। उक्त विवाद लाल बाबू सिंह, हजारी सिंह, कामेश्वर सिंह, व अन्य बनाम उमेश मास्टर, मिथिलेश कुमार, अरुण कुमार के बीच पांच वर्षो से भी अधिक से चला आ रहा है। उक्त मामला अंचलाधिकारी के जनता दरबार, लोक शिकायत निवारण, समेत उच्च न्यायालय तक पहुंच चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि उमेश मास्टर, मिथिलेश कुमार, व अरुण कुमार पक्ष में उच्च न्यायालय द्वारा जिसको ले उक्त खेत को उनके पक्ष द्वारा जुताई शुरू की गई थी। उसी क्रम में दूसरे पक्ष ने ऊक्त घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों के अनुसार शनिवार दस से ग्यारह बजे के बीच उक्त विवाद में कई राउंड गोलियां चली गोलियों के तड़तड़ाहट से पूरा गांव गूंज उठा। घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ सह एएसपी संकेत कुमार, थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, अंचल इंस्पेक्टर कृष्ण कुणाल, ने गांव में गहन छापामारी किया और लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों को उठाकर थाने पुछताछ के लिए लाई है। एएसपी ने बताया किया कि उक्त घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से तीन देशी कट्टा, छह तीन सौ पंद्रह बोर का खोखा, दस जिंदा कारतूस, जिसमें आठ बंदूक के, एक 315 बोर के, एक मिस फायर के जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। मृतक के परिजनों के द्वारा प्राथमिकी को ले आवेदन देने के बाद गिरफ्तारी की जायेगी। घटना को ले शाम उक्त गांव में पुलिस कैम्प कई हुई है। वर्तमान में वातवारण शान्तिपूर्ण है।



# अंगीठी बनी काल : अलाव के धुएं से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत, 3 गंभीर

**केटी न्यूज। छपरा**

बिहार के छपरा शहर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है। भगवान बाजार थाना क्षेत्र के अंबिका कॉलोनी में ठंड से बचने के लिए घर के अंदर अलाव जलाकर सोना एक ही परिवार के लिए काल बन गया। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि तीन अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज चल रहा है। मृतकों में तीन मासूम बच्चे और एक बुजुर्ग महिला शामिल हैं, जिससे इस घटना की पीड़ा और भी गहरी हो जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंबिका कॉलोनी में रहने वाला यह परिवार भीषण ठंड से बचने के लिए रात में घर के भीतर अलाव जलाकर सो गया था। सर्दी के कारण दरवाजे-खिड़कियां बंद थीं, जिससे कमरे के भीतर अलाव से निकलने वाला धुआं बाहर नहीं निकल सका। रात भर धीरे-धीरे पूरे घर में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस फैलती रही, जो बेहद जहरीली होती है। परिवार के सभी सदस्य इसी जहरीली गैस की चपेट में आ गए और सुबह तक उनकी हालत गंभीर हो गई। सुबह जब घर के अन्य परिजनों और आसपास के लोगों को कुछ शक हुआ, तो वे कमरे में पहुंचे। अंदर का नजारा बेहद भयावह था। कुछ लोग बेसुध हालत में पड़े थे, जबकि कुछ की सांसें थम चुकी थीं। आनन-फानन में सभी को छपरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान 70 वर्षीय कमलावती देवी, 4 साल के अध्याय, 3 साल के तेजाश और 7 महीने की मासूम गुड़िया कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतका कमलावती देवी उत्तर प्रदेश के बनारस की रहने वाली थीं और कुछ दिनों पहले ही छपरा अपने रिश्तेदारों के यहां आई थीं। इस हादसे ने न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि दोनों राज्यों के परिजनों को गहरे सदमे में डाल दिया है। तीन मासूम बच्चों की एक साथ मौत से पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है और हर आंख नम है। इस घटना में गंभीर रूप से बीमार हुए तीन लोगों–अमित कुमार, अंजलि और अमीषा–का छपरा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, सभी को कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का असर हुआ है। समय रहते अस्पताल पहुंचाने से उनकी जान बच सकी, लेकिन हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। डॉक्टर लगातार उनकी निगरानी कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही भगवान बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि प्रथम द्दष्या यह मामला अलाव के धुएं से दम घुटने का प्रतीत होता है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ठंड के मौसम में घर के अंदर अलाव या अंगीठी जलाने से बचें, क्योंकि इससे जानलेवा हादसे हो सकते हैं। गौरतलब है कि इस तरह की घटनाएं बिहार में ठंड के मौसम में लगातार सामने आ रही हैं।



### अंगीठी दम घुटने से चार की मौत कांड में बक्सर के दो मासूम की गई जान, ननिहाल गये थे छुट्टी मनाने

**बक्सर।** बंद कमरे में अंगीठी के धुआं से चार की मौत मामले में दो मासूम बक्सर के रहने वाले है। वे ननिहाल में ठंड़ी की छुट्टी मनाने वराणसी से अपने ननिहाल छपरा जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के अंबिका कॉलोनी, भारत मिलाप चौक गये हुए थे। उसी दौरान एक कमरे में नानी कलावती देवी, मा अंजलीं, मौसी अमीषा, मौसी के बेटी अध्याय, व बक्सर के दोनों मासूम तेजस 3 व 7 माह की गुडिया सोए हुए थे। दोनों मृत बच्चे की पहचान बक्सर जिले के राजपुर थाना राजपुर में गांव सिकरौल निवासी संजय कुमार राय उर्फ विजय कुमार राय पिता दी नरायण राय के रूप में हुई है। पिता संजय कुमार राय एक पीसीएस अधिकारी है बतौर जौनपुर में सीओ के पद पर तैनात है। घटना की सूचना मिलते ही गांव से परिजन पटना पहुंचे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

- **इस्लामी जेहाद और बांग्लादेश पीएम युनूस का लोगों ने फूंका पुतला**



**केटी न्यूज/नवादा**

रजौली प्रखंड क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित चौराहे पर शनिवार की शाम को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंगदल एवं अन्य स्वयंसेवी संगठनों के तत्वावधान में बंगलादेश में हो रहे हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में बंगलादेश के प्रधानमंत्री मो. यूनुस एवं वहां के सरकार के विरुद्ध पुतला दहन कर कड़ा प्रतिकार दर्ज किया गया। इस दौरान रजौली विधायक विमल राजवंशी ने बताया कि लोकतंत्र में सभी धर्म,सभी जाति,संप्रदाय के लोगों को जीने का अधिकार है,जिस तरह से वहां की सरकार ने स्थानीय हिंदुओं के प्रति निर्ममता पूर्वक, अमावनीय व्यवहार कर रहा है,जो सही नहीं है। वहीं भाजपा जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि जिस तरह से बंगलादेश की सरकार ने वहां के हिंदुओं के प्रति कायरता पूर्वक हमला कर जघन्य रुप से निर्ममता पूर्वक मारपीट किया जा रहा है,जो सही नहीं है।इसी का प्रतिकार हम सबों ने आज किया है। बजरंगदल के प्रखंड संयोजक पिंटू कुमार वर्मा ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और दीपू चंद्र दास की हत्या के विरुद्ध विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के आवाह्न पर विरोध प्रदर्शन किया गया।साथ ही बांग्लादेशी हिंदुओं को सीएए के तहत भारत में रखने के प्रबंध की मांग सरकार से की है।उन्होंने कहा कि बांग्लादेश समेत पूरे विश्व में हिंदू प्रताड़ना का मुख्य कारण हिंदुओं का एकजुट ना होना है।संयोजक ने इस तरह के कायरता पूर्ण हमले का विरोध किया एवं बांग्लादेश के तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। मौके पर रजौली भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, भाजपा जिला प्रवक्ता रंजन कुमार बब्लू, बंटी सिंह, सुरेश मालाकार, देवेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, धनंजय वर्णवाल,अरविंद विश्वकर्मा,सूरज कुमार मनोज बरहपूरिया, नवीन कुमार, विजय आर्या,अनुज कुमार, सुरेश मालाकर, ऋषि कपूर, बादल राजवंशी, नीरज कुमार मंटू, सुनील कुमार, अरविंद विश्वकर्मा, दिनेश पांडेय, देवेन्द्र प्रसाद दीवान,विनोद आर्या सैकड़ों संगठन के लोग उपस्थित थे।

# चंदनपुरा : ठेकेदार के भ्रष्टाचार की भेट चढ़ी नल-जल योजना, 6 माह से जल सप्लाई ठप

- **लाखों रुपए खर्च के बाद भी जलमीनार बनी शोभा की वस्तु**

केटी न्यूज/रोहतास

बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल-जल योजना चंदनपुरा गांव में पूरी तरह दम तोड़ चुकी है। बीते छह महीनों से नल-जल योजना बंद पड़ी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि गहरी नींद में सोए हुए हैं। गांव के बीचोंबीच खड़ी लाखों रुपये की जलमीनार अब पानी नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता का प्रतीक बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि नलों से पानी नहीं, अब सिर्फ हवा और वादे निकलते हैं। गर्मी हो या सर्दी, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे दूर-दराज के चापाकलों और कुओं से पानी ढोने को मजबूर हैं। कई परिवार मजबूरी में दूषित पानी पी रहे हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जबकि ठेकेदार मालामाल, ऑपरेटर बेहाल सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि योजना के संचालन के लिए नियुक्त ऑपरेटर को महीनों से वेतन नहीं मिला, जबकि ठेकेदार भुगतान उठाकर मालामाल बना हुआ है। बिना वेतन के ऑपरेटर कैसे काम करे? यही कारण है कि मशीनें बंद हैं, मेंटेनेंस शून्य है और योजना कागजों में चल रही है आखिर यह जवाबदेही किसकी है ?



**क्या का ग्रामीणों का आरोप**

शिकायतें की गईं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं अधिकारी आए, फोटो खिंचवाई और चले गए समस्या जस की तस बनी हुई है यह सवाल उठना लाजमी है कि जब भुगतान हो चुका, तो पानी क्यों नहीं ? क्या यह सरकारी धन की खुली लूट नहीं है? ग्रामीणों में आक्रोश गांव में रोष व्याप्त है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र नल-जल योजना चालू नहीं हुई और ऑपरेटर को बकाया वेतन नहीं मिला, तो ग्रामीण सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग करते हुए तत्काल नल-जल योजना चालू की जाए। ऑपरेटर का लंबित वेतन अविलंब भुगतान हो, दोषी ठेकेदार व अधिकारियों पर कार्रवाई हो, योजना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। जो अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन नींद से जागता है या चंदनपुरा के लोग यूं ही प्यासे रहने को मजबूर रहेंगे। जनहित में बनी जलमीनार रुपए की भेट तो चढ़ चुका है,लेकिन उससे जल सप्लाई गायब है।

## एक नजर

### डीएम ने ग्रीन फील्ड बाईपास के अधूरे निर्माण कार्य को लेकर किया निरीक्षण

**नवादा।** शनिवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश कुमार ने नवादा,कादिरगंज,जमुई ग्रीन फील्ड बाईपास स्थल किया निरीक्षण। इस दौरान बाईपास के प्रस्तावित मार्ग अंतर्गत बलोखर से भोला बीघा गुजरने वाले मार्ग का विशेष जायजा लिया। जो मार्ग आरओबी के निर्माण योजना तहत आवागमन के द्दष्टि से अधिक सुगम माना जा रहा है। डीएम ने निरीक्षण के क्रम में संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बाईपास निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करें। ताकि आमजन को यातायात की बेहतर और सुविधा व्यवस्था उपलब्ध हो सके। जिस बाईपास निर्माण के होते ही शहर अतिक्रमण मुक्त के साथ ट्रैफिक के दबाव मुक्त होगा। जिससे दूरस्थ क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोगों को भी काफी सहूलियत मिलेगी। जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारी, नवादा सदर को विशेष रूप से निर्देशित किया कि ग्रामीण लोगों की सुविधा को देखते हुए आवश्यक कार्य समयबद्ध और समन्वय के साथ उसे जल्द सुनिश्चित करें। साथ ही भूमि संबंधी एवं अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को भी त्वरित पूर्ण रूप से करने पर जोर दिया गया। अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, भू अर्जन पदाधिकारी, गोपनीय शाखा प्रभारी, सदर अंचल अधिकारी, कार्यपालक अभियंता आरडब्लूडी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पुलिस ने विक्षिप्त व्यक्ति के शव को गड्ढे से किया बरामद,शिनाख्त में जुटी

**नवादा।** रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम के पार रहे पिपरा-परतौनिया गांव में शुक्रवार की रात्रि लगभग 50 फीट के गड्ढे में एक व्यक्ति के शव मिलने से मची हड़कंप। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को मिलते ही थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार व पीएसआई सचिन कुमार पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके बाद जांच में यह स्पष्ट हुआ कि किसी विक्षिप्त व्यक्ति का शव एक गड्ढे में गिरा पड़ा है। जिसकी मृत्यु गड्ढे में गिरने की वजह से हुई है। जिस शव को पुलिस बलों के सहयोग से शनिवार की सुबह जेसीबी की मदद से गड्ढे से बाहर निकाला गया।साथ ही शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करवाकर 72 घंटों तक सुरक्षित रखा गया है।शव की पहचान को लेकर मृतक का फोटो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर शेयर किया जा रहा है,ताकि मृतक की पहचान हो सके।उन्होंने कहा कि वेश-भूषा से मृतक विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है। वहीं आसपास के ग्रामीण व रेलवे लाइन निर्माण में जुटे लोगों द्वारा अबतक शव की पहचान नहीं की जा सकी है।साथ ही कहा कि शव की पहचान होने पर शव को उसके परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।यदि शव की पहचान 72 घंटों में नहीं हुई,तो प्रशासन द्वारा शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### बढते ठंड में चौक-चौराहे पर अलाव जलाने की लोगों ने की मांग

**राजपुर ।** ठंड का प्रकोप दिनों दिन तेजी से बढ़ रहा है। तापमान अपने न्यूनतम स्कोर स्थापित करने की ओर अग्रसर हो चला है। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त के बीच ठंड से क्षेत्र में लोगों का बीमार होने के गति में तेजी आने लगी है। बावजूद प्रखण्ड प्रशासन राजपुर ठंढ से अनजान बना हुआ है। क्षेत्र के लोगों द्वारा स्थानीय प्रशासन से अलाव जलाने की मांग की जा रही है। बजार निवासी भाजपा मंडल अध्यक्ष रामजीत राय, संजय पाण्डेय,किसान नेता राजेश कुशवाहा व्यवसायिक मंच के प्रतिनिधि संतोष सोनी मजदूर नेता रंगनाथ चौधरी,उमेश साह,बिनोद साह, सहित अन्य ने बताया चौक चौराहे पर अभी तक अलाव की मुकम्मल व्यवस्था संभव नहीं हो पाया है.जबकी ठंढी चरम पर पहुंच गया है.लोग ठिठुर रहे हैं.जगह जगह अलाव जलते रहने से लोगों को ठढंक से राहत पाने में मदद मिलती है। ऐसा नहीं किये जाने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। चौक चौराहे पर अलाव नहीं होने से लोगों को इस शीतलहर में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी पिंटू कुमार चौधरी ने बताया कि अलाव जलाने की दिशा में तेजी से सुविधा जारी है।

### सामाजिक कार्यकर्ता की पुण्यतिथि पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**काराकाट।** काराकाट प्रखंड मुख्यालय के बुढ़वल पंचायत के बुढ़वल गांव में सामाजिक कार्यकर्ता अजित कुमार सिंह की 16वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर डेहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक सोनू सिंह ने कहा कि अजित बाबू समाज के दबे-कुचले और असहायों की आवाज थे। जिन्हें 'दाता' के नाम से जाना जाता था। गौरतलब है कि अजित सिंह की प्रतिमा का अनावरण 14 मई 2014 को पूर्व सांसद महाबली सिंह ने किया था। उनकी पत्नी निर्मला कुंवर ने बताया कि अजित बाबू ने आजीवन गरीबों और असहायों की सेवा में जीवन समर्पित किया। मौके पर लाल नारायण सिंह,वीरेंद्र सिंह, बीडीसी जितेंद्र पाल, पैक्स अध्यक्ष मिथलेश सिंह, दवेंद्र सिंह, संजीव सिंह, विपुल सिंह, बज्रकिशोर सिंह, अविनाश कुमार, अनीश कुमार, कृष्णा सिंह, अनिल सिंह, अमन सिंह, निर्मला कुंवर, आशा सिंह, मीरा देवी, कांति देवी, विजयन्ती देवी सहित ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीणों की शिकायत पर गांव की गली को अंचलाधिकारी ने करवाया अतिक्रमणमुक्त

**राजपुर।** प्रखंड के रोतवा गांव में सार्वजनिक रास्ता गली को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई अंचलाधिकारी पिंटू कुमार चौधरी द्वारा किया गया। जानकारी देते हुए सीओ ने बताया कि गांव के संतोष यादव द्वारा गाय व भैंस बांधकर गली को काफी दिनों से अतिक्रमण करके रखा गया था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा अंचल कार्यालय को प्राप्त हुआ था। विगत शुक्रवार को मौके पर मौजूद रहते हुए उन्होंने अमीन से सरकारी जमीन की मापी करवाई.जिसके बाद गली को अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु उक्त पशुपालक को निर्देशित किया गया।

# एक्सयूवी के तहखानों से भारी मात्रा में पुलिस ने किया शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

- **धनबाद से बिहारशरीफ अवैध बिक्री के लिए जा रहा था शराब,उत्पाद पुलिस ने दबोचा**



**केटी न्यूज/नवादा**

रजौली थाना क्षेत्र के बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर शनिवार की दोपहर लगभग एक बजे उत्पाद बलों ने एक्सयूवी 500 में बने गुप्त तहखाने से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है।इस जांच अभियान का नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं।गुप्त सूचना मिली कि शनिवार की दोपहर एक्सयूवी 500 संख्या बीआर 4क्यू 9539 से शराब का परिवहन किया जा रहा है।गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद इंस्पेक्टर द्वारा वाहन की जांच की गई।जांच के क्रम में बीच के सीट के नीचे एवं पीछे वाले दोनों इंडिकेटर में बने तहखाने से 155.3 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया।बरामद शराब में सिग्नेचर,रॉयल स्टैग,बकार्डी व ऑफिसर चॉइस नामक कंपनी के बोतल व टेट्रा पैक शामिल है। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि लग्जरी वाहन से एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है,जिसकी पहचान नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया रानाबिघा निवासी मानिक चंद्र चौधरी के पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है।पूछताछ के क्रम में तस्कर ने बताया कि वह धनबाद से बिहारशरीफ शराब लेकर जा रहा था।इससे पूर्व भी वो दो बार शराब का परिवहन कर चुका था।तस्कर ने यह भी कहा कि वह शराब को सोहसराय के कागजी मोहल्ला निवासी धनराज महतो के पुत्र सन्नी कुमार को शराब की खेप देने वाला था। जब्त शराब व लग्जरी वाहन के अलावे गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा। मौके पर उत्पाद एएसआई मो. साबिर सहित गृहरक्षक जवान भी मौजूद थे।

# पंचायती राज्य मंत्री का बिक्रमगंज में हुआ स्वागत

**केटी न्यूज/रोहतास**

नगर परिषद,बिक्रमगंज के थाना चौक पर बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक कुमार का फूलमाला एवं अंगवस्त्र से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अभिनंदन कार्यक्रम में पार्टी के सदस्यों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। बिहार सरकार मंत्री का गाजे बाजे के साथ दीपक कुमार आगे बढ़ो,हम तुम्हारे साथ हैं । दीपक कुमार जिन्दाबाद,राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिंदाबाद का नारा गूंजता रहा। राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार प्रदेश किसान प्रकोष्ठ महासचिव गुड्डू उपाध्याय के नेतृत्व में इस कार्यक्रम को किया गया। जबकि उपस्थित सैकड़ों समर्थकों ने कहा कि मंत्री के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ेगा। मौके पर सुरेश कुशवाहा, सुनील कुशवाहा,पिंटू चंद्रवंशी,काराकाट प्रखंड अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी,सर्वेश कुशवाहा,रामचंद्र कुशवाहा, बीरेंद्र सिंह कुशवाहा,बनारसी कुशवाहा, प्रो.रविंद्र सिंह, राजू कुशवाहा,राकेश सिंह, प्रमोद सिंह, संजय तिवारी, दशरथ मिश्रा,रिंकी देवी,पूर्व मुखिया उमेश सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।



# नये म्यूजियम को पुराने संग्रहालय से जोड़ने वाले निमार्णाधीन टनल का सीएम ने किया निरीक्षण

**□ काम में तेजी लाने का निर्देश**



**एजेंसी। पटना**

बिहार संग्रहालय को पुराने संग्रहालय (जादू घर) से जोड़ने वाले अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को टनल के निर्माण कार्य की प्रगति और अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। नेहरू पथ के समीप हड़ताली मोड़ स्थित निमार्णाधीन म्यूज़ियम सब-वे टनल का निरीक्षण करने के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। इसके बन जाने से बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय में लगे प्रदर्शों का लोग आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जाकर अवलोकन कर सकेंगे। पर्यटकों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी होगी, इसे ध्यान में रखते हुए पार्किंग और अन्य जरूरी सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि टनल का निर्माण इस प्रकार कराये जिससे नेहरू पथ पर आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बिहार संग्रहालय और पटना निमार्णाधीन टनल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन टनल का निरीक्षण करने के पूर्व बिहार संग्रहालय के सामने पुनर्विकसित किए जा रहे 60 आवास एवं ऑफिसर्स हॉस्टल कैम्पस के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। साइट प्लान के माध्यम से अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहाँ 11 मंजिला भवन का निर्माण कराया जाना है। यहाँ निर्मित होनेवाले भवन के नये परिसर में सोलर पार्किंग शेड, ओपेन पार्किंग, क्लब हाउस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यहां पर्याप्त पार्किंग का प्रबंध रहेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस काम को तेजी से आगे बढ़ायें। हमारे मन में पहले से ही यह इच्छा थी कि पुराने स्ट्रक्चर को तोड़कर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बने जो हर प्रकार की आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित हो। नेहरू पथ के किनारे इस बहुमंजिला इमारत के बन जाने से आवासन की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय का परिभ्रमण कर प्रदर्शों का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के प्रथम तल पर पहुँचकर नालंदा महाविहार, सांची स्तूप से संबंधित लगाई गयी चित्र प्रदर्शनी एवं बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर की परिक्रमा संबंधी 3-डी चलचित्र को देखा। बिहार संग्रहालय के महानिदेशक श्री अंजनी कुमार सिंह ने संग्रहालय परिसर में लगाए गए नए प्रदर्शों, पर्यटकों की संख्या, पार्किंग की व्यवस्था, संग्रहालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम०, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के० शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### बिहार में फिर वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव तीन दिनों में दूसरी घटना से रेलवे अलर्ट

इंडियन रेलवे को एक बार फिर पथराव की घटना ने चिंता में डाल दिया है। बिहार में महज तीन दिनों के भीतर दूसरी बार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को शरारती तत्वों ने निशाना बनाया है। शनिवार को समस्तीपुर और दुबहा स्टेशन के बीच अज्ञात लोगों ने वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंके, जिससे चेयर कार कोच का एक शीशा टूट गया। राहत की बात यह रही कि जिस सीट के पास कांच टूटा, वहां बैठे यात्री पूरी तरह सुरक्षित रहे और किसी को कोई चोट नहीं आई। हालांकि, इस घटना ने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) हरकत में आ गई। आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि पत्थरबाजी जैसी घटनाएं न केवल यात्रियों की जान के लिए खतरा हैं, बल्कि करोड़ों रुपये की लागत से तैयार अत्याधुनिक ट्रेनों को भी नुकसान पहुंचाती हैं। इससे पहले भी बिहार में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटना सामने आ चुकी है। हाल ही में गोरखपुरझपाटलिपुत्र वंदे भारत एक्सप्रेस को कांटी इलाके में निशाना बनाया गया था। उस घटना में ट्रेन की तीन बोगियों के शीशे टूट गए थे। जांच के दौरान सामने आया कि तीन नाबालिग लड़कों ने वीडियो और रील बनाने के उद्देश्य से ट्रेन पर पत्थर फेंके थे। उन्होंने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया था।

### बिहार के सहरसा भीषण आग से दो परिवारों का आशियाना खाक, लाखों की संपत्ति का नुकसान

**सहरसा।** बिहार के सहरसा जिले के नवहट्टा प्रखंड अंतर्गत चंद्रायण पंचायत के वार्ड नंबर 10 में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में दो परिवारों के घरों में रखी लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई, जबकि दो लोग झुलस गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना शनिवार सुबह करीब 7 बजे श्याम पंजियार के घर में हुई। बताया गया कि अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें उठती देख पड़ोसियों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर जुटे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग घर में रखा सारा सामान जलाकर खाक कर चुकी थी। इस घटना में पीड़ित परिवारों के कपड़े, अनाज, फर्नीचर, ट्रंक, गोदरेज, जरूरी कागजात, जेवरात, टेंपू माल ढोने वाला वाहन सहित अन्य सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नवहट्टा फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सका। बाद में महिषी थाना से पहुंची फायर ब्रिगेड की अतिरिक्त टीम की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया।

### शादी के महज छह माह बाद नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, बेड पर मिला शव

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता की उसके ही ससुराल स्थित बेडरूम में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान 28 वर्षीय खुशबू कुमारी के रूप में हुई है, जिसकी शादी इसी वर्ष 1 जुलाई 2025 को बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई थी। शादी के महज छह महीने बाद ही खुशबू की इस तरह मौत हो जाना कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। आसपास के लोग जब ससुराल के घर के पास जमा हुए तो माहौल गमगीन और तनावपूर्ण हो गया। बताया जा रहा है कि खुशबू का शव उसके बेडरूम में बेड पर पड़ा मिला। शुरूआती तौर पर मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं, लेकिन परिजनों ने इसे सामान्य मौत मानने से साफ इनकार कर दिया है। मृतका खुशबू कुमारी पटना निवासी व्यवसायी वर्धमान सिंह की बहन थी।

## टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 18003456215 पर कॉल कर जानकारी और सहायता ले सकते हैं जनता

# बिहार में जमीन बंटवारा हुआ आसान, बंटवारा दाखिल खारिज पोर्टल लॉन्च, हेल्पलाइन नंबर भी हुआ जारी



**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने पारिवारिक भूमि बंटवारे की जटिल और लंबी प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक बड़ी पहल की है। राज्य में आज से बंटवारा दाखिल-खारिज पोर्टल की शुरूआत कर दी गई है, जिससे अब एक ही आवेदन में परिवार के सभी सदस्यों के नाम जमाबंदी कायम हो सकेगी। इस नई व्यवस्था से आम रैयतों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। यदि आवेदन के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है, तो नागरिक टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 18003456215 पर कॉल कर जानकारी और सहायता प्राप्त कर सकते हैं।नई सरकार के गठन के बाद प्रशासनिक सुधारों को लेकर तेजी देखने को मिल रही है। केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार के संकल्प के अनुरूप बिहार सरकार लगातार जनहित में फैसले ले रही है। इसी कड़ी में भूमि सुधार की दिशा में यह नई पहल शुरू की गई है, जो वर्षों से चली आ रही बंटवारा और दाखिल-खारिज की समस्याओं का समाधान करेगी।अब तक पारिवारिक भूमि के बंटवारे के बाद हर हिस्सेदार को अलग-अलग अपने हिस्से की जमीन का दाखिल-खारिज कराना पड़ता था। यह प्रक्रिया न केवल समयसाध्य थी, बल्कि कई बार तकनीकी अड़चनों और जानकारी के अभाव में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नई व्यवस्था के तहत एक ही दाखिल-खारिज आवेदन में परिवार के सभी सदस्यों की जमाबंदी कायम हो जाएगी। इससे समय की बचत होगी और प्रक्रिया पारदर्शी बनेगी। सरकार ने भूमि एवं राजस्व विभाग के भीतर इस व्यवस्था में सुधार के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों को कहा गया कि ऐसी प्रणाली विकसित की जाए, जिससे आम रैयतों को अधिकतम सुविधा मिले। इसके बाद प्रधान सचिव के नेतृत्व में विभागीय टीम ने इस दिशा में काम करते हुए नई व्यवस्था तैयार की, जिसे अब औपचारिक रूप से लागू कर दिया गया है। यह नई सुविधा बिहार भूमि पोर्टल पर उपलब्ध दाखिल-खारिज सेवा के अंतर्गत लागू की जा रही है। नागरिक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे और अपनी जमीन से जुड़ी जमाबंदी की स्थिति को आसानी से देख सकेंगे। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और बिचौलियों की भूमिका सीमित होगी। सरकार ने विशेष रूप से उन लोगों से अपील की है, जिन्होंने अब तक मौखिक बंटवारा करके अपनी जमीन पर कब्जा बना रखा है। ऐसे मामलों में अक्सर भविष्य में पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो जाते हैं। मौखिक बंटवारा कानूनी दस्तावेजों में दर्ज नहीं होने के कारण सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने में भी परेशानी आती है। नई व्यवस्था के तहत मौखिक बंटवारे को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कर कागजी रूप दिया जा सकता है, जिससे विवादों की संभावना कम होगी।

### भूमि विवादों पर लगेगी रोक

भूमि विवाद बिहार की एक बड़ी समस्या रही है। पारिवारिक बंटवारे के स्पष्ट दस्तावेज न होने से मामले अदालतों तक पहुंच जाते हैं, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। बंटवारा दाखिल-खारिज पोर्टल से उम्मीद की जा रही है कि ऐसे विवादों में कमी आएगी और लोगों को समय पर न्याय मिलेगा।

### दलालों पर भी लगेगा अंकुश

नई ऑनलाइन व्यवस्था से दलालों की भूमिका पर भी रोक लगेगी। पहले जानकारी के अभाव में कई लोग बिचौलियों के चक्कर में फंस जाते थे, जिससे उन्हें अतिरिक्त पैसे देने पड़ते थे। अब सरकार ने हेल्पलाइन और डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से आम नागरिकों को सीधे सेवा से जोड़ने का प्रयास किया है।

### तकनीकी सहायता के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन

यदि किसी आवेदक को पोर्टल पर आवेदन करते समय या दस्तावेज अपलोड करने में परेशानी आती है, तो वे टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 18003456215 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कॉल सेंटर पर प्रशिक्षित कर्मी नागरिकों को पूरी जानकारी देंगे और समस्याओं का समाधान करेंगे।

### आम रैयतों के हित में बड़ा कदम

कुल मिलाकर, बंटवारा दाखिल-खारिज पोर्टल की शुरूआत को आम रैयतों के हित में एक बड़ा और दूरगामी कदम माना जा रहा है। इससे न केवल भूमि से जुड़े मामलों में पारदर्शिता आएगी, बल्कि पारिवारिक शांति और सामाजिक स्थिरता को भी बल मिलेगा। सरकार का यह प्रयास निश्चित रूप से भूमि सुधार के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा।

# मुजफ्फरपुर में ऑनलाईन सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, डिजिटल साक्ष्य के साथ 9 गिरफ्तार



**एजेंसी। पटना**

मुजफ्फरपुर जिले में पुलिस ने अवैध जुआ और ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। नगर थाना क्षेत्र के गोला बांध रोड स्थित एक मकान में चल रहे हाई-प्रोफाइल ऑनलाइन सट्टा गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया। इस छापेमारी में सट्टा संचालित करने वाले मास्टरमाइंड समेत कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया।पुलिस को लंबे समय से गोला बांध रोड इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिल रही थी। शनिवार को नगर एएसपी (सहायक पुलिस अधीक्षक) सुरेश कुमार को सूचना मिली कि एक मकान के भीतर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टेबाजी का खेल चल रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना की पुलिस के साथ एक विशेष टीम का गठन कर मकान पर अचानक छापेमारी की गई। पुलिस की कार्रवाई से घर के भीतर भगदड़ मच गई। पुलिस ने सट्टा संचालित करने वाले और दांव लगाने वाले कुल 9 व्यक्तियों को दबोच लिया। मौके से भारी मात्रा में नकद राशि, कई मोबाइल फोन, लैपटॉप और सट्टेबाजी से जुड़े हिसाब-किताब के रजिस्टर बरामद हुए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि लैपटॉप और मोबाइल के जरिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मैचों पर ऑनलाइन दांव लगाए जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह सिंडिकेट किन अन्य शहरों या बड़े बुकीज से जुड़ा हुआ है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि गिरोह के सदस्य एक विशेष ऐप और वेबसाइट के माध्यम से ग्राहकों को जोड़ते और लेन-देन ऑनलाइन वॉलेट और नकद दोनों माध्यम से करते थे। एएसपी सुरेश कुमार ने मीडिया को बताया कि शहर में किसी भी प्रकार के अवैध जुए और सट्टेबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# मुंगेर में शराब माफिया ने किया पुलिस टीम पर हमला

**क्यूआरटी के 3 जवान घायल, सरकारी राइफल छीने जाने की खबर**

**एजेंसी। मुंगेर**

मुंगेर में जहां शराब कारोबारी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला हुआ है। क्यूआरटी के 3 जवान इस हमले में घायल हो गये हैं। इस दौरान क्यूआरटी में शामिल सिपाही का सरकारी हथियार भी छीनने की खबर आ रही है। एसडीपीओ के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस इलाके की नाकेबंदी कर छापेमारी कर रही है। मुंगेर मे नयारामनगर थानान्तर्गत पाटम पश्चिमी पंचायत अंतर्गत कन्हैयाचक पाटम रघुनाथटोला निवासी शराब कारोबारी पवन राय को पकड़ने गई नया रामनगर थाना की गश्ती पुलिस टीम पर शराब माफिय ने हमला कर दिया। शराब माफिया के हमले में क्यूआरटी टीम के 3 सिपाही आंशिक रूप से घायल हो गए। हमला के दौरान शराब माफिया के लोगों द्वारा क्यूआरटी टीम में शामिल जवान का सरकारी राइफल भी छीनने की खबर आ रही है। हालांकि घायल पुलिस जवान व राइफल छीने जाने के संबंध में सभी पुलिस पदाधिकारी फिलहाल छापेमारी जारी रहने की बात कहते हुए कुछ भी बताने से इंकार कर रहे। सूचना मिलने पर एसडीपीओ सदर के नेतृत्व में नयारामनगर के अलावा मुफस्सिल, सफियासराय, कासिम बाजार, कोतवाली, पूरबसराय, वासुदेवपुर सहित सभी थानों की पुलिस देर शाम कन्हैयाचक पाटम रघुनाथटोला पहुंची। सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल के जवान गांव की घेराबंदी कर छापेमारी में जुटी है। समूचे गांव की घेराबंदी करते हुए किसी व्यक्ति को ना तो गांव में प्रवेश करने दिया जा रहा है और ना ही किसी को गांव से निकलने दिया जा रहा है।

# पूर्णिया में 100 से अधिक परिवारों की घर वापसी ईसाई धर्म छोड़कर फिर अपनाया सनातन धर्म



**एजेंसी। पूर्णिया**

सीमांचल क्षेत्र में धर्मांतरण के बढ़ते मामलों के बीच पूर्णिया जिले के बनमनखी से एक बड़ी खबर सामने आई है। क्रिसमस के अवसर पर यहां 100 से अधिक परिवारों ने ईसाई धर्म का त्याग कर पुनः सनातन धर्म में घर वापसी की। यह सामूहिक धार्मिक कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के बैनर तले आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बायसी प्रखंड के कई गांवों से आए लोगों ने विधि-विधान से यज्ञ-हवन कर सनातन धर्म की दीक्षा ली। घर वापसी करने वाले परिवारों का आरोप है कि उन्हें पहले पादरियों द्वारा तरह-तरह के प्रलोभन और धोखे में रखकर ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया गया था। बाद में उन्हें अपनी मूल आस्था और परंपराओं से दूर होने का अहसास हुआ।बायसी थाना क्षेत्र के हरिनतोड गांव के निवासी सुरेंद्र राय, मीना देवी और कालू हरिजन ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बताया कि धर्मांतरण के बाद उन पर अपनी संस्कृति, देवी-देवताओं की पूजा और परंपराएं छोड़ने का दबाव बनाया जाने लगा। उन्होंने बताया कि उनकी सभ्यता और परंपराओं पर हो रहे हमलों से आहत होकर उन्होंने बायसी थाने में मामला भी दर्ज कराया था।बनमनखी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शुद्धि यज्ञ और मंत्रोच्चार के बीच सभी परिवारों को विधिवत रूप से पुनः हिंदू धर्म में शामिल किया गया। गरीबी और भोलेपन का फायदा उठाकर कराया जा रहा धर्मांतरणः विहिप विश्व हिंदू परिषद के बिहार-झारखंड धर्म प्रसार प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सीमांचल क्षेत्र में धर्मांतरण का खेल गरीबी और भोलेपन का फायदा उठाकर खेला जा रहा है।

# सावधान! अगले 5 दिनों तक शीतलहर से कांपेगा पूरा बिहार, आईएमडी ने जारी की अलर्ट



**एजेंसी। पटना**

पटना समेत पूरे बिहार में ठंड ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं. बफीर्ली पछुआ हवा के चलते कनकनी अपने चरम पर पहुंच गई है. मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार को राज्य के सभी 38 जिलों के लिए कोल्ड डे और घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. सुबह से ही कई इलाकों में हालात ऐसे रहे कि सड़कों पर विजिबिलिटी लगभग शून्य हो गई. भोजपुर, बेतिया, बगहा, गोपालगंज, समस्तीपुर, जहानाबाद समेत 20 से ज्यादा शहरों में सुबह-सुबह घना कोहरा छाया रहा. हालात यह रहे कि वाहन चालकों को दिन में भी लाइट जलाकर चलना पड़ा. कई जगहों पर 100 मीटर से आगे कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे यातायात प्रभावित हुआ.मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, ठंडी पछुआ हवा के कारण न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है. राज्य के 8 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे पहुंच चुका है. ठंड और कोहरे के संयुक्त असर से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

### पटना सबसे ठंडा, तापमान सामान्य से 8 डिग्री नीचे

बीते 24 घंटे में राजधानी पटना में कोल्ड डे की स्थिति बनी रही. शुक्रवार की सुबह घने कुहासे और तेज ठंडी हवाओं के साथ हुई. सुबह 9 बजे तक विजीबीलीटि बेहद कम रही. कोहरे और ठंडी हवा के कारण पटना का अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया. जिससे यह राज्य का सबसे ठंडा शहर बन गया. वहीं जहानाबाद, बेतिया, बगहा और समस्तीपुर जैसे जिलों में भी घना कोहरा देखने को मिला. इन इलाकों में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जिससे ठंड का असर और बढ़ गया।

### आगे और बढ़ेगी ठंड

मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है. अगले 4 से 5 दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है. ऐसे में ठंड और ज्यादा तीव्र होगी।

### मौसम विभाग ने दी चेतावनी

मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को ठंड से बचाव करने, अनावश्यक यात्रा से बचने और वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# बरौनी, नई दिल्ली क्लोन एक्सप्रेस पर असमाजिक तत्वों ने किया पथराव, बाल-बाल बचे यात्री

**एजेंसी। पटना**

रेल यात्रियों की सुरक्षा पर एक बार फिर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। नई दिल्ली बरौनी जा रही बरौनी-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल (ट्रेन संख्या 02564) पर शनिवार सुबह असामाजिक तत्वों द्वारा पथराव किया गया। यह घटना मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर रेलखंड के बीच स्थित पूसा और दुबहा स्टेशन के पास की है। यह ट्रेन करीब 15 घंटे लेट थी। प्रत्यक्षदर्शियों और रेलवे सूत्रों के अनुसार, ट्रेन जब दुबहा के पास से गुजर रही थी, तभी अचानक एक तेज पत्थर बोगी के शीशे पर आकर लगा। पत्थर की चोट इतनी जोरदार थी कि खिड़की का शीशा चकनाचूर हो गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई, हालांकि अचानक हुए इस हमले से बोगी में बैठे यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी तुरंत ऑन-ड्यूटी टीटीई द्वारा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को दी गई। सूचना मिलते ही मुजफ्फरपुर आरपीएफ की टीम सक्रिय हुई और नारायणपुर अनंत स्टेशन से अधिकारियों का एक दल तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना हो गया। आरपीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच-पड़ताल की।